**नाम ................................** **रोल नं. ................. A**

# वार्षिक परीक्षा – 2026
## कक्षा – 9
## विषय – हिन्दी

**समय – 3:15 घण्टा]** **A** **[ पूर्णांक – 70**

---

**सामान्य निर्देश** – प्रारम्भ में 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों – खण्ड अ तथा खण्ड – ब में विभाजित है।
(iii) खण्ड अ में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं जिनके उत्तर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक पर देने हैं।
(iv) खण्ड – ब में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं।
(v) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उनके निर्धारित अंक दिए गए हैं।

**खण्ड – अ (बहुविकल्पीय प्रश्न)** $1 \times 20 = 20$

1. **खड़ी बोली गद्य के प्रथम दर्शन होते हैं –**
   (i) नासिकेतोपाख्यान में
   (ii) चन्द छन्द वरनन की महिमा में
   (iii) योग वशिष्ठ में (iv) प्रेम सागर में

2. **भारतेन्दु युग के लेखक नहीं हैं –**
   (i) श्रीनिवास दास (ii) प्रतापनारायण मिश्र
   (iii) राधा चरण गोस्वामी (iv) बाबू गुलाब राय

3. **एकांकी में कितने अंक होते हैं –**
   (i) एक (ii) दो (iii) तीन (iv) चार

4. **नागरी प्रचारिणी सभा की स्थापना किस सन् में हुई –**
   (i) 1893 ई० में (ii) 1890 ई० में
   (iii) 1891 ई० में (iv) 1899 ई० में

5. **अष्टछाप के कवि नहीं हैं –**
   (i) सूरदास (ii) नन्ददास (iii) छीतस्वामी (iv) तुलसीदास

6. **हरिवंश राय 'बच्चन' का जन्म हुआ था –**

(i) प्रयाग में  (ii) बम्बई में  (iii) इंग्लैंड में  (iv) दिल्ली में

**मैथिलीशरण गुप्त की मृत्यु का वर्ष है –**

(i) सन् 1962 ई०  (ii) सन् 1963 ई०

(iii) सन् 1964 ई०  (iv) सन् 1965 ई०

**'कामायनी' की विधा है –**

(i) खण्डकाव्य  (ii) कहानी संग्रह  (iii) महाकाव्य  (iv) उपन्यास

**'आ समुद्र' में समास है –**

(i) अव्ययी भाव  (ii) कर्मधारय  (iii) तत्पुरुष  (iv) द्वन्द्व

**'भवताम्' रूप है भू धातु का –**

(i) लट् लकार, प्रथम पुरुष, एकवचन

(ii) लङ् लकार, मध्यम पुरुष, द्विवचन

(iii) विधिलिङ् लकार, उत्तम पुरुष, बहुवचन

(iv) लोट् लकार, प्रथम पुरुष, द्विवचन

**हरिभिः रूप है हरि का –**

(i) द्वितीया विभक्ति, बहुवचन  (ii) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन

(iii) पञ्चमी विभक्ति, द्विवचन  (iv) तृतीया विभक्ति, बहुवचन

**'दैत्यारिः' का सन्धि विच्छेद बताइये –**

(i) दैत्य + अरिः  (ii) दैत्या + रिः  (iii) दैत्य + आरिः  (iv) दैत् + यारः

**गणेश शब्द पर्यायवाची शब्द है –**

(i) आनन  (ii) वदन  (iii) नन्दन  (iv) मोदक प्रिय

**मलिन शब्द का विलोम है –**

(i) साफ  (ii) सफेद  (iii) उजला  (iv) निर्मल

**अग्नि शब्द का तद्भव बताइये –**

(i) वायु  (ii) आग  (iii) अश्रु  (iv) अग्र

**निम्नलिखित में से तत्सम् शब्द है –**

(i) आँख  (ii) जेठ  (iii) दीर्घ  (iv) मात

**लक्ष्मी का स्वागत एकांकी के रचनाकार हैं –**

(i) विष्णु प्रभाकर  (ii) उदय शंकर भट्ट

(iii) डा० राम कुमार वर्मा  (iv) उपेन्द्र नाथ 'अश्क'

**'चारु चन्द्र की चंचल किरणें' खेल रही जल थल में' में प्रयुक्त अलंकार है –**

(i) श्लेष  (ii) अनुप्रास  (iii) रूपक  (iv) यमक

**"लता ओट तब सखिन्ह लखाए। स्यामल गौर किशोर सुहाए" में प्रयुक्त रस है –**

(i) शान्त रस  (ii) वत्सल रस  (iii) वीर रस  (iv) शृंगार रस

**"दीपक शिखा बोरिहरु, जो चौहिस उजियार।" में प्रयुक्त छन्द है –**

(i) चौपाई  (ii) बरवै  (iii) रोला  (iv) दोहा

1. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** 3×2=6

**(क)** मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएं कभी-कभी कितनी मिथ्या और उल्टी निकलती हैं। मुझे साँप का साक्षात् होते ही अपनी योजना और आशा की असम्भावना प्रतीत हो गई।

(i) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) मनुष्य की भावी योजनाओं और अनुमान के विषय में लेखक ने किस सत्य का उद्घाटन किया है ?

**अथवा**

**(ख)** जैसे नशे में आदमी की देह अपने काबू में नहीं रहती, पैर कहाँ रखता है, पड़ता कहाँ है, कहता कुछ है, जबान से निकलता कुछ है वही हाल इस समय भगत का था। मन में प्रतिकार था, पर कर्म मन के अधीन न था। जिसने कभी तलवार नहीं चलाई वह इरादा करने पर भी तलवार नहीं चला सकता। उसके हाथ काँपते हैं, उठते ही नहीं।

(i) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) भगत को किस मनोदशा का वर्णन हुआ है ?

2. **निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** 3×2=6

**(क)** यहु ऐसा संसार है, जैसा सेमल फूल।
दिन दस के व्यव्हार को, झूठे रंग न भूलि॥

(i) सेमल के फूल की क्या विशेषता होती है ?

(ii) सेमल के पुष्प से किसकी तुलना की गई है और क्यों ?

(iii) कबीर सेमल के पुष्प का उदाहरण देकर क्या कहना चाहते हैं ?

**अथवा**

(ख) कोटि-कोटि नंगे, भिखमंगों के जो साथ, खड़े हुए हैं कन्था जोड़े, उन्नत माथ, शोषित जन के, पीड़ित न के, कर को थाम, बढ़े जा रहे उधर, जिधर है, मुक्ति प्रकाश ! ज्ञात नहीं हैं जिनके नाम ! उन्हें प्रणाम ! सतत् प्रणाम !

(i) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) प्रस्तुत पद्यांश में कवि किसको नमन कर रहा है ?

(iii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

**(क) निम्नलिखित संस्कृत गद्यांशों में से किसी एक का संदर्भ सहित हिन्दी अनुवाद अपने शब्दों में कीजिए –** 1+3=4

(i) नित्यं प्रातः ! जागरणेन तस्य स्वास्थ्यम् अवर्धत्। तेन नियमेन पोषिताः पशवः स्वस्थाः सबलाः च जाताः, गावः महिष्यः च प्रचुरं दुग्धम् अयच्छन्। तदानीं तस्य कर्मकराः प्रभूतम् अन्नम् उत्पन्नं, गृहं च धनधान्य पूर्णम् जातम्।

(ii) तेन न केवलम् भारतवर्षे अपितु पाश्चात्य देशेष्वपि व्यापकस्य मानव धर्मस्य डिण्डिम घोषः कृत। तेन अन्यैश्च शिष्यैः जनानां कल्याणार्थं स्थाने-स्थाने रामकृष्णः सेवाश्रमाः स्थापिताः। ईश्वरानुभवः दुःखितानां जनानां सेवयां पुष्यति। इति रामकृष्णस्य महान संदेशः।

**(ख) निम्नलिखित संस्कृत पद्यांश में से किसी एक का सन्दर्भ सहित हिन्दी अनुवाद कीजिए –** 1+3=4

(i) मनीषिणः सन्ति न ते हितैषिणः, हितैषिणः सन्ति न ते मनीषिणः।
सुहृच्च विद्वानपि दुर्लभः नृणाम्, यथौषधं स्वादु हितं च दुर्लभम्॥

**अथवा (ii)**

समः सम विभक्ताङ्गः, स्निग्धवर्णः प्रतापवान्।
पीन वक्षा विशालाक्षो लक्ष्मीवाञ्छुभलक्षणः॥

**'नये मेहमान' एकांकी की मुख्य स्त्री पात्र कौन है ? उसका चरित्र चित्रण कीजिए।** 5
**अथवा कथा संघटन की दृष्टि से 'सीमा रेखा' एकांकी की समीक्षा कीजिए।**

**(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं को लिखिए –** 4

(i) महादेवी वर्मा (ii) धर्मवीर भारती (iii) श्री राम शर्मा

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक का जीवन परिचय देते हुए उनकी रचनाओं को लिखिए –** 4

(i) मीराबाई (ii) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (iii) शिव मंगल सिंह 'सुमन'

**अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो।** 2

**निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए –** 2+2=4

(i) कंसः कः आसीत् ? (ii) के मानवः वन्दनीयाः भवन्ति ?
(iii) कस्य जीवनम् अभावग्रस्तं जातम् ? (iv) ऋतं कः वदिष्यति ?

**निम्नलिखित मुहावरों एवं लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ बताते हुए अपने वाक्य में प्रयोग कीजिए –** 1+1=2

(i) कलई खुलना (ii) पत्थर की लकीर (iii) कूप मण्डूक होना

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए –** 2+2=4

(i) बालिका पढ़ती है। (ii) राम स्वभाव से दयालु है।
(iii) वे दोनों वाराणसी जायेंगे। (iv) यह मेरी पुस्तक है।

**अपने क्षेत्र के विधायक को पत्र लिखकर अपने गाँव में एक बालिका विद्यालय की स्थापना के लिए अनुरोध कीजिए।** 5
**अथवा विद्यालय में खेलकूद की समुचित व्यवस्था के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।**